तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025


12 शिक्षकों की पहल से छात्रों में अंग्रेजी के प्रति रुचि बढ़ी


14 महाप्रभु वल्लभा कॉलेज ने जीती फुटबाल...



## खबर संक्षेप



### खाद की कमी और बीमारी से धान का उत्पादन घटा

**खरोरा**। ग्राम पंचायत चकवे की प्रगतिशील किसान सेत राम साहू ने बताया कि इस बार 2024 की अपेक्षा 2025 में धान उत्पादन में कमी आ रही है, जिसका मुख्य कारण अल्प वर्षा, समय पर खाद कीटनाशक दवाइयां की उपलब्धता नहीं होना है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण आ महामाया धान में पिछले साल की तुलना इस बार उत्पादन कमी आई है। खाद्य संकट से जूझना पड़ रहा है। किसान को समय पर मजदूर न मिलाना जिससे किसान स्वयं कार्य कर रहे हैं, जो वर्षा हुई है वह लेट से हुई, धान पर भूरा माहुर, सीत ब्लास्ट माइट जैसे तरह-तरह की बीमारी, अक्टूबर में बारिश और तूफान का असर धान की फसलों पर पड़ा है।

### उत्कृष्ट काव्यपाठ के लिए अंजु व कल्याणी सम्मानित



**खरोरा**। दिव्योत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन पटेल कॉलेज बाराबंकी लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें साहित्य सृजन संस्था की कवियत्री पं. अंजू पाण्डेय तथा पं. कल्याणी तिवारी के काव्य पाठ से वातावरण झूम उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय लालम गीतकार प्रियांशु गजेन्द्र के गरिमामय आतिथ्य से समस्त कलमकारों में हर्ष व्याप्त रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याणी तिवारी, कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। दिव्योत्सव साहित्य मंच बाराबंकी लखनऊ प्रियांशु गजेन्द्र द्वारा उत्कृष्ट काव्य पाठ के लिए स्मृति चिन्ह देकर पं. अंजू पांडेय, जीत कल्याणी तिवारी को सम्मानित किया। उक्त कवि सम्मेलन में शाहजहांपुर, अमेठी, बाराबंकी, मिथिला, वैशालीनगर, लखनऊ, औरैया, दिल्ली, भोपाल, बांदा, अयोध्या, बिहार, गोरखपुर, छत्तीसगढ़, बुलंदशहर, खुर्जा, राजस्थान, शेष पेज 12 पर

# जिले में 7 माह में 16 सौ से अधिक मोतियाबिंद का ऑपरेशन

## अलग-अलग स्थानों पर आयोजित शिविर में 943 वृद्धजनों को चश्मा वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समीक्षा बैठक में नेत्र रोगियों की लाइन लिस्टिंग, जांच एवं उपचार के निर्देश दिए

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें अप्रैल से अक्टूबर तक जिले में 1639 मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर उपस्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले नेत्र रोगियों की लाइन लिस्टिंग, जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही शेष अवधि में सभी विकासखंडों को 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने निर्देशित किए हैं। स्कूली बच्चों के नेत्र स्क्रीनिंग कार्य को नवंबर माह तक पूर्ण करने कहा गया है। जिले में अब तक 757 बच्चों एवं 943 वृद्धजनों को चश्मा वितरण किया जा चुका है।नेत्र सहायक अधिकारियों को ग्लूकोमा, चाइल्डहुड ब्लाइंडनेस, लो विजन आदि रोगों की जानकारी भी प्रदान की गई। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विकासखंड भाटापारा के नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया।



### ग्लूकोमा स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान के निर्देश

बैठक में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक नेत्र क्लीनिक का नियमित आयोजन तथा डायबिटिक व हाइपरटेंसिव मरीजों की रेटीनोपैथी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। कॉर्नियल दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना के तहत इस वर्ष जिले में 2 नेत्रदान प्राप्त हुए, जिनकी संख्या बढ़ाने के लिए जनजागरूकता के प्रसार के लिए भी कहा गया है। उन्होंने सीएचसी-पीएचसी में आने वाले मरीजों की टोनोमीटर से अनिवार्य जांच तथा 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की ग्लूकोमा स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान देने कहा।

## 'विधि का शासन- न्याय की आधारशिला' विषय पर संगोष्ठी में शामिल हुए हाईकोर्ट के जस्टिस

# लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति, संस्था और पद कानून से ऊपर नहीं : मुख्य न्यायमूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





हमारे लोकतंत्र की असली शक्ति यही है कि देश में कानून सर्वोच्च है। कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा पद कानून से ऊपर नहीं है। यह उद्गार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने जिला अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा कि विधि का शासन समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं, बच्चों, पीड़ितों, विचाराधीन बंदियों और आम नागरिकों को समान न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने अधिवक्ताओं को न्याय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि न्याय की यात्रा प्रायः अधिवक्ता से ही शुरू होती है और वे समाज में न्याय के वाहक हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय एवं न्यायमूर्ति बीडी गुरु भी उपस्थित थे और उन्होंने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। जिला न्यायालय परिसर में विधि का शासन- न्याय की आधारशिला विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में वक्ता अधिवक्ता दिनेश तिवारी एवं गौरवी मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण उपाध्यक्ष नंदिनी वर्मा, विजय बैनर्जी, दीनबंधु देवांगन, दीपक पटेल, संतोष यादव, राजेंद्र पटेल, खलेश्वर कुर्रे, सुमरीत ध्रुव, वीरेंद्र वर्मा, रितेश तिवारी, पालेश्वर साहू, शेष पेज 12 पर



### बारामासी गीत पर समूह नृत्य एवं स्काउट गाइड बैंड द्वारा आकर्षक रहा प्रदर्शन

स्वागत भाषण ठाकुर बीपी सिंह ने दिया, जबकि अभिनंदन पत्र वाचन एवं मंच संचालन सचिव गणेश शंकर साहू ने तथा आभार प्रदर्शन संघ अध्यक्ष मो. शारिक खान ने किया। कार्यक्रम में गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बारामासी गीत पर समूह नृत्य एवं स्काउट गाइड बैंड द्वारा आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। सुर ओ चंदम संगीत अकादमी द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं आर्केस्ट्रा ने मंच को जीवंत बना दिया।

## मामूली विवाद पर पड़ोसी ने किया राड से हमला, दो गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ग्राम कुम्हारी में एक मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, जिसमें पड़ोसी पर प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपियों को गिधौरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 20 नवम्बर को रात लगभग 7 बजे की है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर रखे धान को पड़ोसी सोनालाल पटेल और अमन पटेल ने गीला कर दिया था। जब प्रार्थी के पिता ने उन्हें मना किया, तो दोनों आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए अपने घर में रखे पंखा में लगने वाले लोहे के रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया। इस हमले से प्रार्थी के पिता को गंभीर चोट आई और वे मौके पर ही बेहोश हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गिधौरी पुलिस ने ग्राम कुम्हारी निवासी सोना लाल पटेल 47 वर्ष और अमन पटेल 22 वर्ष के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 109, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### धान गीला करने की बात को लेकर हुआ विवाद

पुलिस ने तत्काल दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने धान गीला करने की बात को लेकर हुए विवाद में प्रार्थी के पिता को गाली-गलौज कर लोहे के रॉड से मारपीट करते हुए प्राणघातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया। गिधौरी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## 120 पौवा शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में खरोरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों से 120 पौवा अवैध शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भैंसा के गणेश राम नारंग, अमसेना के खीरलाल ढीढी और खरोरा के श्रवण सोनवानी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को धर-दबोचा।खीरलाल ढीढी अमसेना से 62 पौवा मसाला शराब, श्रवण सोनवानी खरोरा के कब्जे से 40 पौवा मसाला शराब, गणेश राम नारंग 59 वर्ष भैंसा के कब्जे से 18 पौवा मसाला शराब कुल 120 पौवा शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार आंकी गई है। शराब रखने के संबंध में तीनों आरोपियों को नोटिस दिया गया, लेकिन वे किसी प्रकार का वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

### बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी

**महासमुंद**। बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी के मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लाइन परिचारक तिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि 14 नवंबर की रात्रि 09 बजे से 15 नवबंर की सुबह 06 बजे के मध्य वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम अरंड में लगे 16 केवीए. ट्रांसफार्मर के अंदर में लगे क्वाईल अनुमानित कीमत करीबन 20000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पलायन रोकने सभी पंचायतों और गांवों में शुरू होंगे मनरेगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड के 104 ग्राम पंचायतों और 123 ग्रामों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत श्रमिकों के लिए सभी प्रकार के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे द्वारा श्रमिकों से अपील की गई है कि वे गांव में ही श्रम कार्यों में जुटे, पलायन न करें। ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है और मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय है।

## एसआईआर प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को दी ट्रेनिंग

# एसआईआर के लिए कार्यकर्ता अपने बूथ पर सजग रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के पदमा रिसॉर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता का एसआईआर को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस द्वारा नियुक्त सभी बीएलए सहित विधायक इन्द्र साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा, लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान बीएलओ किसी भी दस्तावेज की मांग नहीं करेंगे। फॉर्म लेने के बाद बीएलओ एक प्रति पर हस्ताक्षर कर मतदाता को वापस दे देंगे और एक प्रति अपने पास रखेंगे। यदि बीएलओ के आने पर घर में कोई सदस्य मौजूद न हो, तो भी चिंता की बात नहीं है। बीएलओ तीन बार घर पर आएंगे और घर का कोई भी एक सदस्य यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है, जो लोग घर से बाहर हैं या दूसरे शहर में रहते हैं, वे वोटर कार्ड को मोबाइल नंबर से लिंक करके फॉर्म ऑनलाइन भी भर सकते हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी में बताया कि यदि मतदाता या उसके परिवार के बुजुर्गों का नाम 2002 या 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, तब भी वह फार्म भर सकता है। ऐसी स्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय नोटिस जारी कर सुनवाई करेगा और सुनवाई के दौरान मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 10 दस्तावेजों पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, डोमिसाइल सर्टिफिकेट इत्यादि में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण प्रमुख विनोद वर्मा एवं शैलेश नितिन त्रिवेदी ने उपस्थित बीएलओ एवं कार्यकर्ताओ को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि फॉर्म भरते समय अत्यंत सजग रहे, क्योंकि छोटी गलती मतदाता सूची शुद्धता को प्रभावित कर सकती है। कोई भी जानकारी अधूरी या गलत न रहे यह सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी अमर मिश्रा, तुलसी वर्मा सहित सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, सुनील माहेश्वरी,राजकुमार शर्मा,रोशन हबलानी, बसंत भृगु, अमित शर्मा,शैली भाटिया, कुबेर यदु ,शिरिज जांगड़े, अमर मंडावी, अरुण यदु, अशोक ध्रुव,टेकसिंह ध्रुव, पार्षद गण चन्द्रशेखर चक्रधारी, अजय ठाकुर, ठाकुर राम साहू, चंद्रकांत खुटे, नानू सोनी, दिवाकर मिश्रा सहित प्रशिक्षण के अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक इन्द्र साव ने दी जानकारी

इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के तहत आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को फार्म की दो प्रतियां दे रहे हैं, जिन्हें मतदाताओं को भरकर वापस जमा करना है। साव ने कहा कि एसआईआर केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह चुनाव प्रणाली की रीढ़ है। प्रत्येक बीएलओ की जिम्मेदारी है कि बूथ स्तर पर सटीक जानकारी दर्ज कर पारदर्शिता बनाए रखें। चुनाव आज तकनीकी हो गया है, इसलिए हमारी तैयारी भी उतनी ही सुदृढ़ होनी चाहिए। यह कार्य केवल फॉर्म भरने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का है जिसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम 2002 या 2003 की वोटर लिस्ट में है, या उसके माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी का नाम सूची में मौजूद है, तो फॉर्म में उसे लिंक करना होगा। साथ ही अपनी नई फोटो लगाकर फॉर्म जमा करना होगा।

## पंचायत सचिव संघ ने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत सभागार में पंचायत सचिव संघ की आवश्यक बैठक आहूत की गई। इसमें कई आवश्यक निर्णय लिए गए, साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई। बैठक में सचिव संघ के अध्यक्ष जोहन दास भारती ने बताया कि जनपद पंचायत सिमगा में पदस्थ नए सीईओ का स्वागत कार्यक्रम एवं पुराने सीईओ का विदाई समारोह 28 नवंबर को किया जाएगा, जिसमें समस्त सचिव संघ आदि उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में ब्लॉक के समस्त सचिव उपस्थित हुए, जिनमें अध्यक्ष जोहन दास भारती, रमेश बंजारे, सुरेश घिदोड़े, राम खिलावन मंडले, कैलाश गोस्वामी, अमरनाथ मनहरे, रामाधार साहू , अवध राम साहू, वीरेंद्र साहू सहित समस्त सचिवगण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### सलिहाभांठा स्कूल में पालकों के सहयोग से लगे स्मार्ट टीवी

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में स्मार्ट कक्षा की एक और कड़ी जुड़ गई। पालकों के सहयोग से शाला में एक स्मार्ट एंड्राइड टीवी और पेन ड्राइव खरीदा गया, जिसकी औपचारिक रूप से शुरुआत पालकों की उपस्थिति में किया गया। प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर ने पालकों के सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे तकनीक से शिक्षा में सहायता मिलेगी और बच्चे सक्रिय होकर सीखने में रुचि लेंगे। इस अवसर पर शाला के शिक्षक रामेश्वर ढीढी, एसएमसी से पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, टिकेश्वरी दीवान, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, दयालु ध्रुव, गुलाब ध्रुव, भोजराम साहू, तिलक साहू, उमेश सिन्हा, लिलेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, हरिश्चन्द्र ध्रुव, दल्लू राम यादव, समारू यादव, कृपाराम ध्रुव उपस्थित रहे।

### स्वाध्याय केंद्र में निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ आज

**महासमुंद।** नगर के पतंजलि योग समिति के सहयोग से स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन 23 नवंबर रविवार को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा और प्रतिदिन नियमित रूप से चलेगा। समिति ने बताया कि योग प्रशिक्षक तिलक साव के कुशल मार्गदर्शन में यह शिविर संचालित होगा। प्रतिदिन स्वाध्याय केंद्र सभागार में सुबह 06 बजे से 07:30 बजे तक चलेगा, जो पूर्णतः निःशुल्क है, जिसका लाभ कोई भी शहरवासी ले पाएगा। स्वाध्याय केंद्र समिति ने नगर के सभी निवासियों, विशेषकर मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से निःशुल्क योग शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

### पेज 11 के शेष

#### लोकतंत्र में कोई ...

सूर्यप्रकाश पुरैना, महेश मनहरे सहित बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, कसडोल एवं पलारी के अधिवक्ता उपस्थित थे। संगोष्ठी में रजनीश श्रीवास्तव रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय बिलासपुर, अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दीपक सोनी कलेक्टर, भावना गुप्ता पुलिस अधीक्षक, धम्मशिल गणवीर वनमण्डलाधिकारी, विभिन्न न्यायाधीशगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

#### उत्कृष्ट काव्य पाठ...

महाराज, गंज, प्राप्तगढ़, सतना, मप्र के मंचीय साहित्यकारों ने भाग लिया। लखनऊ प्रवास से लौटने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की राष्ट्रीय सचिव यामिनी शर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के जिला ब्लॉक और संभाग के मातृ शक्तियों ने ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित किया।

**स्मरण:** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# साहस और संघर्ष की अद्भुत मिसाल है बिरसा का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय खेमचंद लक्ष्मीचंद कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने की। मुख्य वक्ता के रूप में कुबेर यदु सामाजिक कार्यकर्ता एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग उपस्थित रहे तथा सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश ध्रुव एवं मंडल महामंत्री ताराचंद देवांगन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता दीवान युवा पार्षद, नगर पालिका बागबाहरा तथा कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक बीरेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सुसज्जित प्रदर्शनी के अवलोकन से हुआ। प्रदर्शनी में जनजातीय नायकों के जीवन, उनकी संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका तथा भगवान बिरसा मुंडा से संबंधित ऐतिहासिक एवं दुर्लभ छायाचित्र प्रदर्शित किए गए थे। अतिथियों ने अर्थशास्त्र विभाग के कल्याणी नाग अतिथि व्याख्याता के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया। पश्चात जनजातीय महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और तिलक लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. रश्मि मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के ऐसे दिव्य नायक थे, जिन्होंने सामाजिक समरसता, आत्मसम्मान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की अमिट मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, जीवन-पद्धति और प्रकृति के प्रति समर्पण हमें सतत विकास का सही मार्ग दिखाता है। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन नेतृत्व, साहस और संघर्ष की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने 'उलगुलान' के माध्यम से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनक्रांति का ऐसा स्वर उठाया जिसने देशभर में स्वतंत्रता की चेतना को प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के नायक सदैव आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्षरत रहे हैं और आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

### भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है तिलका मांझी: कुबेर

मुख्य वक्ता कुबेर यदु ने भारतीय संस्कृति में जनजातीय समाज के योगदान को उजागर करते हुए कहा कि जनजातीय नायकों ने न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखा बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की प्रथम पंक्ति में खड़े होकर अंग्रेजों के विरुद्ध सबसे पहले आवाज उठाई। यदु ने अपने उद्बोधन में कई वीर जनजातीय नायकों के अप्रतिम योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने तिलका मांझी को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शहीद बताते हुए बताते हुए कहा कि 1784 में उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल फूंका और अपनी जान की बाज़ी लगाकर स्वाधीनता के लिए युवाओं को प्रेरित किया। धरती आबा बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा जनजातीय स्वाभिमान, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और सामाजिक परिवर्तन के महानतम प्रतीक हैं। पूंजा भील जैसे मध्य भारत के वीरों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भील योद्धाओं ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लगातार प्रतिरोध की चिंगारी को जलाए रखा। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि 1857 के संग्राम में वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उभरे, जिन्होंने गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के कारण अंग्रेजों से संघर्ष किया और अंततः फांसी का वरण कर लिया। यदु ने कहा कि इन सभी जनजातीय नायकों का जीवन हमें बताता है कि राष्ट्र के सम्मान, संस्कृति और उसके हित में खड़ा होना ही सच्चा देशप्रेम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन प्रेरणादायी नायकों के जीवन से सीख लेकर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गजानंद बुडेक ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन क्रीड़ाधिकारी पालन कुमार दीवान ने किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत जनजातीय सांस्कृतिक नृत्य और गीतों ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बना दिया। इस प्रकार जनजातीय गौरव दिवस का यह आयोजन प्रेरणा, संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रभक्ति की भावनाओं से परिपूर्ण होकर सफलतापूर्वक हुआ।

# कोल्दा में महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का खल्लारी विधायक ने किया शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जय बजरंग नवयुवक समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कोल्दा में आयोजित महिला-पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने फीता काटकर शुभांरभ किया।

हर साल की तरह इस साल भी ग्राम ग्राम कोल्दा में महिला-पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। ग्रामवासियों के आमंत्रण पर पहुंचे विधायक यादव का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। पूजा अर्चना कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभांरभ करते हुए मुख्य अतिथि यादव ने युवाओं से शिक्षा, खेलकूद और स्वील डेवलप्मेंट में ध्यान केंद्रित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हर साल होने वाले इस आयोजन के साथ ही यहां के युवाओं की भूमिका सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल उन्नयन के रास्ते से ही हम बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच अश्वनी ठाकुर, जगन्नाथ साहू, पदुम कुमार साहू, झम्मन साहू, ओमप्रकाश चक्रधारी, पोखन साहू, राजेश साहू, नितिन ठाकुर, दीनदयाल ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, देवसिंह ठाकुर, ताम्रध्वज साहू, खोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।



# शिक्षकों की पहल से छात्रों में अंग्रेजी के प्रति रुचि बढ़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

गृहणी संस्था के माध्यम से ग्राम हिरमी के लगभग 45 ग्रामीण बच्चे चौथी से आठवीं कक्षा, जिन्हें अंग्रेजी विषय को लेकर मन में डर और अभिरुचि की कमी थी, उनके लिए दो माह का विशेष शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को अंग्रेजी ग्रामर, शब्दों का चयन, वाक्य निर्माण, शुद्ध-अशुद्ध शब्दों की पहचान, डिक्शनरी का उपयोग, स्वयं एवं परिवार का परिचय तथा परिवेश से जुड़े वस्तुओं के अंग्रेजी नाम सीखाने का प्रयास किया गया। साथ ही उनकी पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बीच-बीच में खेलकूद, लोक कलाकृति, पेंटिंग जैसी गतिविधियों से जोड़कर शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मानिता डहरिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता और बच्चों की बढ़ती अभिरुचि को देखते हुए आगामी 2026 के ग्रीष्मकालीन अवकाश में अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों के लिए स्पेशल क्लास लगाने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में तोमेश कुमार वर्मा का भी विशेष योगदान रहा।



## हितेश का आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर हुआ चयन

**बसना।** क्षेत्र के होनहार युवा गौरव हितेश कुमार भोई पिता ललित भोई, ग्राम सचिव के पद पर है, माता नीलाद्री भोई निवासी गनेकेरा ने अपनी लगन अनुशासन और सतत मेहनत के बल पर सीजीपीएससी सहित राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। हितेश कुमार भोई का आबकारी उप-निरीक्षक (एक्साइज सब इंस्पेक्टर) के पद पर चयन हुआ है, जहाँ उन्होंने 105वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे बसना क्षेत्र को गर्व, उत्साह और नई ऊर्जा से भर दिया है। हितेश का संघर्ष और समर्पण आज की युवा पीढ़ी के लिए सशक्त प्रेरणा बनकर उभरा है। हितेश के चयन पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होती है। हितेश ने यह दिखाया है कि निरंतर प्रयास और एकाग्रता से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# हेमलाल तहसीलदार पद के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कड़ी संघर्ष, मेहनत और जिम्मेदारियों के बीच भी मंजिल हासिल की जा सकती है, इस बात को सच कर दिखाया है बसना क्षेत्र के ग्राम रेमड़ा निवासी हेमलाल सिदार ने। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा-2024 में उन्होंने 369वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र को गर्व से ओतप्रोत कर दिया।

हेमलाल सिदार गरीब किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता प्रेमसिंह सिदार किसान हैं और पिछले कुछ वर्षों से लकवाग्रस्त होने के कारण कार्य करने में असमर्थ हैं। ऐसे कठिन समय में हेमलाल ने खेती-किसानी के काम के साथ पढ़ाई जारी रखी, उन्हें 12वीं के बाद मजदूरी तक करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई को कभी टूटने नहीं दिया। उन्होंने कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई अपने गांव रेमड़ा में पूरी की। इसके बाद 12वीं तक की शिक्षा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में प्राप्त की। उन्होंने स्नातक वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय, सरायपाली से किया। इसके बाद उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बसना से कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) ट्रेड में एक वर्षीय डिप्लोमा किया है। साल 2018 से हेमलाल ने घर की आर्थिक स्थितियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद लगातार पीएससी की तैयारी की। पांच बार मुख्य परीक्षा और तीन बार इंटरव्यू देने के बाद पीएससी-2024 में अंततः उनका चयन नायब तहसीलदार पद के लिए हुआ। इससे पहले उनका चयन लैब टेक्नीशियन पद के लिए भी हो चुका है। वर्तमान में वे हॉस्टल अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। हेमलाल ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी, गुरुजनों और दोस्तों को देते हुए बताया कि परिवार की परिस्थितियों और खेती-किसानी की जिम्मेदारियों ने उन्हें मेहनत, धैर्य और संघर्ष का महत्व सिखाया। जनपद सभापति प्रकाश सिंहा सभापति ने हेमलाल की सफलता को बसना के युवाओं के लिए प्रेरणा बताया।



# सत्यापन के नाम पर बिना जांच के काटा जा रहा गरीबों का राशन कार्ड : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत

- नपाध्यक्ष ने की गाइड लाइन में परिवर्तन की मांग
- गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा के अधिकार हो सकते हैं वंचित

साहू ने कहा कि शासन के निर्देश पर राशन कार्डों की जांच तथा अपात्रों के राशन कार्ड रद्द किए जा रहे हैं, जो निश्चित ही स्वागतेय है। लेकिन, उचित जाँच किए बगैर ही राशन कार्डों को निरस्त किए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कई गरीब परिवार जो हर दृष्टि से पात्र हैं, उनका भी राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। साहू ने कहा कि अनेक पात्र लोगों ने उन्हें इस बात की जानकारी दी है कि वे शासन के गाइड लाइन के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग हैं, उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। सत्यापन के नाम पर गरीबों के राशन कार्ड निरस्त किये जा रहे हैं। इसका बड़ा प्रभाव गरीब परिवार के स्कूली बच्चों पर पड़ सकता है। आरटीई के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को भविष्य में राशन कार्ड की आवश्यकता होने पर वे गरीबी रेखा अंतर्गत राशन कार्ड प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। जिसे शिक्षा के अधिकार से उन्हें वंचित होना पड़ेगा।



नपाध्यक्ष ने कहा कि शासन के गाइड लाइन अनुसार जिनके पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन और 6 लाख से ज्यादा वार्षिक आय है, ऐसे लोगों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। सत्यापन में अब तक 10 हजार से अधिक राशनकार्डधारी अपात्र पाए गए हैं। इनमें से 7 हजार लोगों के राशनकार्ड निरस्त भी किए जा चुके हैं। शहरी क्षेत्र में अधिकांश गरीबों के पास खेती भूमि ही नहीं है, वहीं, रोजी-मजदूरी कर वे अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लघु कृषक होते हैं, धान का भुगतान सहित सभी प्रकार के भुगतान बैंक खाते में आते हैं, ऐसे में सालाना 6 लाख रूपए से अधिक का लेन-देन दिखने पर उनका राशन काटा जा रहा है, जो गरीब हितग्राहियों के हित में नहीं है। साहू ने शासन से अनुरोध किया है कि केवल उन्हीं राशन कार्डों को निरस्त किया जाना चाहिए, जिनके मुखिया की मृत्यु हो गई है, जो एकल राशन कार्ड थे तथा जो लोग अनैतिक लाभ ले रहे हैं उनका वास्तविक जांच कर उनका राशन कार्ड निरस्त किया जाए। साथ ही गाइड लाइन में परिवर्तन करते हुए 10 लाख रुपए तक वार्षिक आय तथा 5 एकड़ कृषि भूमि तक के लोगों को खाद्यान्न योजना का लाभ प्रदान करते हुए गरीबी रेखा अंतर्गत पात्र माना जाए।

बिरसा मुंडा के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान एवं रंगोली व पोस्टर स्पर्धा हुई

# रंगोली में तृप्ति एवं पोस्टर प्रतियोगिता में अंजू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित किया गया।

प्राचार्य करुणा दुबे एवं योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक विधानसभा व अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय के मार्गदर्शन में 22 नवंबर शनिवार समय प्रातः 11 बजे से व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता भैरव पाल समाज सेवक, अध्यक्षता प्रो.करुणा दुबे प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, विशिष्ट अतिथि प्रमिला ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, केके ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, संयोजक मनबोध चौहान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, सह संयोजक गेश्वर सिंह दीवान छात्रावास अधीक्षक मंचस्थ रहे।

स्वागत उद्बोधन में करुणा दुबे ने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कमलेश ध्रुव ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के लोगों को संगठित किया और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। प्रमिला ध्रुव ने अपने विचार रखें।




इस मौके पर रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। रंगोली में प्रथम तृप्ति साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय अंजू ध्रुव बीए अंतिम वर्ष, तृतीय कुमकुम ठाकुर एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायशास्त्र रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम अंजू ध्रुव बीए अंतिम वर्ष, द्वितीय रितिक पहारिया एमए तृतीय सेमेस्टर इतिहास, तृतीय जागृति साहू एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। साथ ही जनजातीय समाज के उत्थान के लिए दिए योगदान पर लघु फिल्म दिखाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आरके अग्रवाल, सरस्वती सेठ, मनीषा प्रधान, प्रियंका सोनवानी, केशरचंद बनपाल, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष पूरी गोस्वामी, नम्रता तंबोली, डॉ भूपेश पात्र, रेणुका साहू, डॉ प्रिया बारीक, प्रकाशमणि साहू सहित अधिक संख्या में छात्र छात्राओं उपस्थित रहे। संचालन लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं आभार प्रदर्शन मनबोध चौहान कार्यक्रम संयोजक ने किया।

# ओजस्वी का सहकारी निरीक्षक के पद पर चयन

**संडीबंगला।** हरिनभट्ठा निवासी ओजस्वी पटेल का पीएससी में सहकारी निरीक्षक के पद पर चयन हुआ। उन्होंने 149 रैंक हासिल की हैं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल तक का अध्ययन ग्राम हरिनभट्ठा में किया है 12वीं शा उच्च माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से, बीएससी स्नातक महासमुंद कालेज से एवं एमए पोस्ट ग्रेजुएशन डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार से उत्तीर्ण किया है। सहकारिता निरीक्षक के पद पर चयनित होने पर उन्होंने अपने कामयाबी का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। चयन पर समाज प्रमुख राजेन्द्र पटेल, नरेश पटेल, केशव पटेल, लीला पटेल सहित हरिनभट्ठा के सरपंच पूनम रोहित श्रेय, पूर्व सरपंच



सुकदास बंजारे, सुनील कुर्रे, लोकनाथ पटेल, सुमंत कन्नौजे, भीष्म देव सोनवानी, सीता राम यादव, शिक्षक संजय पटेल, मोहन बंजारे, सोमनाथ साहू, बाबूलाल साहू, नरेश दीवान, नेमू सोनवानी, शिव बघेल, सुरेन्द्र बंजारे, अजय साहू, टीकम दीवान, टिकेश्वर साहू, महेंद्र मानिकपुरी, किशुन सेन, तुका साहू, विनोद साहू, लेखू सेन, नरेंद्र पटेल, नारायण कन्नौजे, गिरवर साहू आदि ने हर्ष जताया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष







प्रतिक्षा कक्ष


परामर्श कक्ष


पूजा स्थान



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री






हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

**हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।**

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### सरकार रकबा संशोधन शीघ्र करें, देरी होने पर कांग्रेस करेगा आंदोलन



**गिधौरी।** वनांचल क्षेत्र में किसानों को अपनी जमीन के रकबा संशोधन में आ रही भारी कठिनाइयों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने विष्णु देव सरकार पर निशाना साधा है। ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों की समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस तहसील कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि पूरे वनांचल क्षेत्र के किसान रकबा संशोधन न होने से बेहद परेशान हैं। किसानों को अपनी ही जमीन के रकबा संशोधन के लिए सैकड़ों बार ऑफिस और दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पटवारी और तहसीलदार इन समस्याओं का समाधान करने में अक्षम साबित हो रहे हैं, जिससे किसान हताश हैं। नायक ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार में किसान बिना किसी समस्या के उसी जमीन पर धान बेच रहे थे, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में उसी जमीन पर एकीकृत पोर्टल में फसल विवरण की प्रविष्टि नहीं हुई है जैसी समस्याएं अंकित हो रही हैं। युधिष्ठिर नायक ने स्पष्ट कहा कि, इन समस्याओं से यह साफ पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव सरकार किसानों की धान को पूर्ण रूप से खरीदना नहीं चाहती है।

## निधन

### शांति देवी साहू



**लवन।** नगर पंचायत वार्ड 7 निवासी शांति देवी साहू 65 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में स्वजातीय सहित नगर के अन्य लोग शामिल रहे। पंचराम, लेखराम, टेकराम, राघवराम, मधुकर, तेजमित्र, अशोक एवं समस्त साहू ने शोक व्यक्त किया।

### शंकरलाल नायक



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी शंकरलाल नायक का 20 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। वे ढेलाबाई नायक के पति, देवकुमार नायक, चंद्रहास नायक व खम्हणलाल नायक के पिता थे।

# स्वयंभू शिव मंदिर की प्रसिद्धि बढ़ी, पर्यटक और धार्मिक स्थल बनेगा रामपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र का ग्राम रामपुर अब पर्यटक के रूप में देखा जाने लगा है। यहां स्वयंभू शिव मंदिर जो साक्षात शिवजी का वास है, ऐसे दर्शनीय स्थल आने वाले समय में तीर्थ स्थल के नाम से जाने जाएंगे। उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने ग्राम रामपुर में सीसी रोड एवं स्वागत द्वार का भूमिपूजन करने के पश्चात उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कही।

विधायक साव ने कहा कि धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल का विकास मेरी प्राथमिकता में है। मैं जब विधायक नहीं था तब भी यहां आता रहता था और अब मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि इस गांव में विधायक के रूप में आने का अवसर मिला। ये सब यहां विराजित भोले बाबा की कृपा है।आज मैं यहां भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने जरूर आया हूं। लेकिन उसके साथ-साथ यहां के स्वयंभू शिवजी का आशीर्वाद लेने आया हूं।

विधायक साव ने कहा कि उनके मन में हमेशा धार्मिक स्थल को दार्शनिक स्थल के रूप में पहचान देने की रही है। इस गांव के लोग धार्मिक और पर्यटक स्थल के रूप में जाने ऐसी उनकी मंशा है। आने वाले समय में इस गांव को भी रमणिक बनाने की कार्य योजना तैयार कर उसे मूर्तरूप देने का प्रयास रहेगा।

## रामपुर में सीसी रोड एवं स्वागत द्वार कार्य का विधायक इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन



### नलकूप खनन कार्य को पूर्ण

इसके पूर्व ग्रामवासियसों ने राउत नाचा एवं सुवा नृत्य के माध्यम से विधायक इन्द्र साव का स्वागत किया। ग्रामवासियों की मंशा के अनुरूप साव ने मेन रोड़ से शिवमंदिर तक सीसी रोड व स्वागत द्वार का निर्माण एवं मंदिर परिसर में नलकूप खनन कार्य को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर जित्तू ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, सत्यजीत शेंडे, सरपंच राजेश ध्रुव, उपसरपंच अमर सिंह गेंदले, पंच बैजनाथ यदु सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निरीक्षण : डीपीओ ने सीखने के स्तर में सुधार लाने के दिए निर्देश

# निरीक्षण दल ने प्राथमिक स्कूल डोंगरी पारा में पढ़ाई का स्तर औसत पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



कसडोल ब्लॉक के डोंगरी पारा भानपुर स्थित पीएम श्री प्राथमिक शाला में 21 नवंबर को जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र वर्मा एवं उनकी टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी ने प्रधान पाठक से कहा कि सेवाकालीन संगीत शिक्षक एवं योग शिक्षक की सेवाओं का उपयोग अध्ययन-अध्यापन में भी किया जाए, ताकि बच्चों को उपयोगी और विविध शिक्षण अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन छात्र-छात्राओं का आधार आधारित अपार आई डी अभी तक नहीं बना है उसे शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण टीम ने कक्षाओं का अवलोकन कर बच्चों से सवाल-जवाब किए। शाला में पढ़ाई का स्तर औसत पाया गया, जिस पर डीपीओ ने सीखने के स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण किया जाए और कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियां ब्लू-प्रिंट के अनुसार कराई जाएं। निरीक्षण टीम में नरेंद्र वर्मा जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा, खेलावन वर्मा सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जहीर अब्बास जिला नोडल परियोजना, नीलमणि साहू स्त्रोत समन्वयक कसडोल, रामदयाल पटेल लेखपाल शामिल थे। स्कूल की ओर से प्रधान पाठक हिरालाल साहू, सहायक शिक्षक ललित साहू, सतरूपा यादव, संगीत शिक्षक भैरव चौहान तथा खेल योग शिक्षक हेतराम देवांगन उपस्थित थे।

### एनसीसी दिवस पर छात्र सैनिकों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**सिमगा।** विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में एनसीसी दिवस मनाया गया, जहां छात्र सैनिकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के खेल मैदान में 15 छायादार नीम का पौधा लगाया गया। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली को लेकर सायकिल रैली व वॉलीबॉल का मैत्री मैच आयोजित कर जागरूकता फैलाई गई। इस दौरान एनसीसी अधिकारी वीरेंद्र पटेल ने एनसीसी दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में एकता, अनुशासन, देश सेवा, देश-भक्ति, पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रक्तदान, श्रमदान, सहयोग व भाईचारा आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मानवीय गुणों के विकास को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से आस-पास के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवाओं व आम नागरिकों में बेहतरीन संदेश पहुंचा। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य गणेशराम घीतकर, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र चौबे, टी आर साहू, डी एल साहू, फलेंद्र कैवर्थ सहित पूरा स्टाफ व सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### चौरेंगा में निर्धन स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित



**सिमगा।** विगत दिनों प्राथमिक शाला चौरेंगा में ठंड को ध्यान रखते हुए निर्धन बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि निवेदन को स्वीकार करते हुए गांव के प्रतिष्ठित नागरिक यशवंत सिंह वर्मा एवं उनकी पत्नी पद्मा वर्मा द्वारा स्वयं शाला पहुंच कर स्वेटर वितरित की गई। ज्ञात हो कि श्री वर्मा सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं तथा उनकी पत्नी नवीन शाला में प्रधान पाठिका है। इन लोगों द्वारा गांव में होने वाले विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में इसी तरह का सहयोग निरंतर किया जाता है। इस अवसर पर गांव के उपसरपंच अभिलाष दास वर्मा तथा शाला के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# साहू समाज के भवन में होंगे सभी सामाजिक कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने भवन में अहाता, किचन शेड और शौचालय निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

जिला साहू संघ के सामाजिक भवन के पीछे स्थित खाली जगह में आहता निर्माण, किचन शेड तथा शौचालय निर्माण का कार्य जारी है। निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता एवं समयसीमा पर पूर्ण करने विशेष ध्यान देने की बात कही। इस निर्माण कार्य से समाज के कार्यक्रमों, बैठकों एवं आयोजनों के लिए सुविधा में विस्तार होगा।

निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि जिला साहू समाज भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। समाज के लोगों की लंबे समय से अपेक्षा थी कि भवन परिसर में आवश्यक निर्माण कार्य हों। हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय पर कार्य पूरा करना हमारा लक्ष्य है। आने वाले समय में यह भवन समाज के सभी कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की कमी न रह सके और समाज को एक बेहतर, सुदृढ़ एवं सुविधाजनक परिसर उपलब्ध कराया जा सके। जिला साहू संघ के पदाधिकारियों का मानना है कि यह निर्माण कार्य समाज के विस्तार और सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाजजनों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की है।

इस अवसर पर जिला साहू संघ महासचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, सुरेंद्र साहू, सुशील साहू, सीताराम साहू, बीरबल साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवक का मांठ में गृह संपर्क अभियान



**खरोरा।** ग्राम मांठ में राष्ट्रीय स्वयं संघ कार्य के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों द्वारा वृहद गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा हैं। इसमें स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंभ प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को लेकर घर-घर पहुंच कर इस पंच परिवर्तन का आह्वान कर रहे हैं। ग्राम मांठ के गृह संपर्क अभियान में मांठ मंडल प्रभारी नूतन बंछोर, मंडल के संयोजक सुरेन्द्र वर्मा, शेषनारायण वर्मा, ग्राम पालक राहुल यादव, विजय यादव, पीतम पटेल, वेद पटेल नितेश यादव, गोपाल पटेल रामचंद्र वर्मा, हरीश पटेल राजू वर्मा, नोहर वर्मा, संजय तिवारी, रोहित भारद्वाज, कोमल यादव, विशाल गेंद्रे, जग्गू पाल सहित आदि ने हिस्सा लिया।

# अर्जुनी-टोनाटार मार्ग की नाली हुई क्षतिग्रस्त, हो सकती है बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अर्जुनी बलौदाबाजार से भाटापारा मार्ग के मध्य स्थित है।



अर्जुनी से टोनाटार जाने वाले मार्ग की नाली क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे कभी भी हादसे की आशंका बनी हुई है। बता दें कि एडीबी के तहत मुख्य मार्ग में सड़क के दोनों ओर नालियां बनी हुई थी। वहीं नाली टोनाटार जाने वाली मार्ग पर भी है, जो क्षतिग्रस्त हो गई है एवं गड्ढे का आकार ले लिया है। सरिया भी दिख रहा है, आने जाने वाले राहगीरों को संभल कर जाना पड़ रहा है, जो अप्रिय घटना का रूप ले सकती हैं। कभी भी ग्रामीणों को टूटे हुए नाली के दूसरी छोर से गुजरना पड़ रहा है, यह मार्ग पर टोनाटार, नवागांव, बोरसी, धवई, सहित अन्य ग्रामों का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है क्षतिग्रस्त नाली की शीघ्र मरम्मत की जाए ताकि आवागमन में कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।

# डॉ. राधेश्याम बने मरार महासंघ के प्रदेश सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सक्ति में हरदिहा मरार पटेल समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के समाज प्रमुख एवं युवक युवती परिवार सहित काफी संख्या में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संगठन का भी विस्तार किया गया, जिसमें कसडोल राज के डॉ. राधेश्याम पटेल को महासंघ मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ में सचिव पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। अपनी नियुक्ति पर पटेल ने कहा कि अपने पद के दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज के अपेक्षा एवं विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प रयास करूंगा।

ज्ञात हो कि छग मरार पटेल महासंघ छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा सचिव पद हेतु डॉ. राधेश्याम पटेल का मनोनयन किया गया है। यह मनोनयन 19 नवम्बर को प्रादेशिक बैठक में सर्वसम्मति से किया गया है। अब कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा संचालित कैरियर गाइडेंस का विस्तार भी किया जाएगा।

डॉ. राधेश्याम पटेल को बधाई देने वालों में विशेषर सिंह पटेल, राजेन्द्र नायक, पतिराम पटेल सचिव, परमानंद पटेल, राजेन्द्र पटेल, रामकुमार पटेल, बीआर पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रामचंद्र पटेल, देवचरण पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल, नागेश्वर पटेल, गीता पटेल टुण्ड्रा, रघुनाथ पटेल, रामाधार पटेल, घनश्याम पटेल, दशरथ पटेल, अशोक पटेल पार्षद, कृष्ण कुमार पटेल, डा. भागचंद पटेल, शिवकुमार पटेल, लिलार पटेल, ब्रम्हदेव पटेल आदि शामिल हैं

## स्व. दौलत राम शर्मा महाविद्यालय में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता

# वल्लभाचार्य महाविद्यालय ने जीती फुटबाल प्रतियोगिता


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्व. दौलत राम शर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बलौदाबाजार महासमुंद सेक्टर अंतर महाविद्यालय फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के मैदान किया गया। इसमें पांच महाविद्यालय महासमुंद, सरायपाली, भटगांव, पिथौरा एवं कसडोल की टीमों ने भाग लिया। इसके विजेता महाप्रभु वल्लभा स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद 3-0 से रहा तथा शासकीय महाविद्यालय सरायपाली उप विजेता रहा। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पुनेश्वर नाथ मिश्रा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, प्राचार्य डॉ. डी के साहू



की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि सुयश तिवारी विधायक प्रतिनिधि एवं एवं पुष्पेंद्र साहू सदस्य जन भागीदारी समिति के सदस्य चंदन जायसवाल, कार्यक्रम क्रीड़ा प्रभारी सहायक अध्यापक केके बर्मन एवं क्रीडा सहायक तोरण लाल साहू के संयोजन से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी बी राय, पर्यवेक्षक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे एवं विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए क्रीड़ा प्रभारी, क्रीड़ा अधिकारी के रूप में ईश्वर पटेल, प्रवीण साहू, मोहम्मद नसीर अहमद, दुलामानी, आदिल अहमद, स्टार फुटबॉल क्लब कसडोल ऑफिसियल एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411